## एक नजर में

### सतना में प्रधान आरक्षक ने फांसी लगाकर जान दी

**मैहर/सतना.** सतना जिले के अमरपाटन थाने में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक ने अपने सरकारी क्वार्टर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रधान आरक्षक संजय यादव अमरपाटन थाने में पदस्थ थे और रामनगर स्थित सरकारी क्वार्टर में रहते थे. 15 अगस्त की दोपहर उन्होंने फोन पर अपनी पत्नी से बातचीत की, जिसके कुछ देर बाद उन्होंने फांसी लगाकर जान दे दी. उस समय उनकी पत्नी और बच्चे उत्तरप्रदेश के चंदौली स्थित मायके गए हुए थे. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी.

### हादसा : ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**सागर.** बहेरिया थाना क्षेत्र के गुड़ा फाटक के पास फोरलेन पर शनिवार शाम एक तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी. हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई. खड़ेरा गांव निवासी 20 वर्षीय प्रीतम पुत्र बाबूलाल आदिवासी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर खड़ेरा से बम्होरी चौराहा की ओर जा रहा था. करीब शाम 4 बजे गुड़ा फाटक के पास सामने से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी. हादसे की गंभीरता इतनी थी कि प्रीतम की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना पर बहेरिया पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और ट्रक को जब्त कर लिया.

### भोला सिकरवार हत्याकांड के 2 फरार आरोपी गिरफ्तार

**ग्वालियर.** चर्चित भोला सिकरवार हत्याकांड में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने चंदनपुर से गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों के पास से एक कट्टा भी जब्त किया गया है. गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों का जुलूस निकालकर घटनास्थल पर सीन रिक्रिएशन कराया. टीआई हजीरा शिवमंगल सिंह सेंगर ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान लाला कमरिया निवासी तानसेन रोड और वीर सिंह राठौर निवासी किला गेट के रूप में हुई है. पूछताछ में दोनों ने गैंगस्टर भोला सिकरवार की हत्या में शामिल होने की बात स्वीकार की.

# कांग्रेस में नई नियुक्तियों पर घमासान

## पटवारी बोले-2028 का लक्ष्य, भाजपा ने साधा निशाना



**इंदौर/भोपाल,17 अगस्त. मध्यप्रदेश कांग्रेस में लंबे इंतजार के बाद जिला अध्यक्षों की सूची जारी होते ही बवाल खड़ा हो गया है. इंदौर शहर की कमान चिंटू चौकसे और जिले की विपिन वानखेड़े को सौंपे जाने से पार्टी के भीतर विरोध के स्वर तेज हो गए हैं.**

कई नेताओं ने खुलकर नाराजगी जताते हुए इस्तीफे तक दे डाले. वहीं भाजपा ने भी कांग्रेस पर तीखे हमले बोले. बढ़ते विवाद को शांत करने के लिए पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने डैमेज कंट्रोल की कोशिश की है और 2028 का लक्ष्य सामने रखा है. इंदौर शहर अध्यक्ष बनाए गए चिंटू चौकसे को लेकर कांग्रेस में विरोध की लहर दौड़ गई है.

संभागीय प्रवक्ता सन्नी राजपाल ने नाराज होकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया. उन्होंने कहा कि मैदान में काम करने वाले नेताओं को जिम्मेदारी मिलनी चाहिए थी. पूर्व शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष साक्षी डागा ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत और भावना की कोई कीमत नहीं रह गई. जिस व्यक्ति ने अपना बूथ और वार्ड तक नहीं बचाया, वही अब अध्यक्ष बनाया गया है. प्रदेश के अन्य जिलों में भी इसी तरह विरोध के स्वर सुनाई दे रहे हैं.

भारी विरोध को देखते हुए पीसीसी चीफ जीतू पटवारी सामने आए. उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि चयन से वंचित रहे साथियों को जल्द ही नई जिम्मेदारी दी जाएगी. पटवारी ने कहा अब हमें जी-जान से जुटकर 2028 में कांग्रेस की सरकार बनाने का लक्ष्य साधना है.

> कांग्रेस की नियुक्तियों पर भाजपा ने भी हमला बोला. नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि अरविंद बागड़ी का नाम आगे था लेकिन उन्हें खजराना गणेश का भक्त होने की सजा मिली. मिश्रा ने चौकसे पर दर्ज 14 प्रकरणों का भी हवाला दिया. मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस का पतन उसके फैसलों से ही है. पार्टी आपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों को बढ़ावा देती है. वहां नेताओं का अकाल पड़ गया है.

पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि नए जिला अध्यक्षों का चयन ऑब्जर्वर की रिपोर्ट पर हुआ है. विरोध स्वाभाविक है, लेकिन राहुल गांधी के नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा.

# छात्रावास से 5 छात्राएं लापता प्रशासन में मचा हड़कंप

**भोपाल/उमरिया, 17 अगस्त. उमरिया जिले में संचालित आदिवासी बालिका छात्रावास से 5 छात्राओं के अचानक लापता होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. घटना से विभागीय अमले में हड़कंप मच गया है. खबर लिखे जाने तक छात्राओं का कोई सुराग नहीं लग सका था.**

घटना पाली नगर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस छात्रावास की है, जहां आठवीं कक्षा की 5 छात्राएं लापता हुईं. घटना सामने आते ही बड़ी प्रशासनिक लापरवाही उजागर हुई है. मौके पर एसपी निवेदिता नायडू, एसडीएम और अन्य अधिकारी पहुंचे. छात्रावास स्टाफ से पूछताछ कर जांच शुरू की गई है. छात्राओं के लापता होने की सूचना मिलते ही परिजन छात्रावास पहुंचे. परिजनों का, विशेषकर महिलाओं का, रो-रोकर बुरा हाल है. बताया जा रहा है कि छात्राएं बीती रात से गायब हैं. इस घटना ने छात्रावास की सुरक्षा व्यवस्था और जिम्मेदार कर्मचारियों की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. जबकि छात्रावास में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं. फिलहाल यह जांच का विषय है कि छात्राएं क्यों और कैसे लापता हुईं. प्रशासन ने उनकी तलाश तेज कर दी है.

# नकली कीटनाशक से फसल बर्बाद

**विदिशा, 17 अगस्त. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को अचानक विदिशा जिले के छीरखेड़ा गांव पहुंचे. यहां उन्होंने किसानों के खेतों का निरीक्षण किया.**



बताया गया कि क्षेत्र के किसानों ने शिकायत की थी कि नकली खरपतवारनाशक दवा से उनकी सोयाबीन फसल जलकर खराब हो गई है. आधिकारिक सूत्रों के अनुसार,चौहान ने खेतों में स्वयं जाकर हालात का जायजा लिया और प्रभावित किसानों से बातचीत की. उन्होंने कहा कि नकली कीटनाशक और दवाइयों से किसानों की मेहनत बर्बाद हो रही है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. कृषि मंत्री ने भरोसा दिलाया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसानों को नुकसान की भरपाई दिलाई जाएगी.

> चौहान ने एक्स पर पोस्ट साझा कर लिखा आज विदिशा के छीरखेड़ा गांव में सोयाबीन के खेत का निरीक्षण किया. मुझे शिकायत मिली थी कि खरपतवार नाशक दवाई से किसानों की फसल जल गई. मैंने तय किया कि स्वयं निरीक्षण करूंगा. मौके पर देखा कि खेत में सोयाबीन की जगह खरपतवार उग आई है. उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की जांच एक उच्चस्तरीय वैज्ञानिक समिति करेगी. साथ ही पूरे देश में नकली दवा और कीटनाशक बेचने वालों के खिलाफ देशव्यापी अभियान चलाया जाएगा.

# विदेशी निवेश का प्रदेश में दिखने लगा परिणाम

## जर्मनी की पांच अग्रणी कंपनियों का आज से चार दिवसीय मध्यप्रदेश दौरा

**भोपाल, 17 अगस्त .मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विदेशी निवेश आकर्षित करने के प्रयास रंग लाने लगे हैं. यूरोप दौरे के फलस्वरूप अब जर्मनी की पांच अग्रणी टेक कंपनियों का दल 18 से 22 अगस्त तक मध्यप्रदेश प्रवास पर आ रहा है.**

यह दल मध्यप्रदेश ग्लोबल स्टार्टअप एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत प्रदेश के उद्योग, स्टार्ट-अप्स और शैक्षणिक संस्थानों से संवाद करेगा. इस पहल से प्रदेश और जर्मनी के बीच व्यापार, तकनीकी आदान-प्रदान और निवेश की नई संभावनाएं मजबूत होंगी.

### एआई और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पर फोकस

प्रतिनिधिमंडल का दौरा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित रहेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वैश्विक तकनीकी साझेदारी से प्रदेश में नवाचार और रोजगार के नए अवसर बनेंगे. उन्होंने कहा, यह केवल तकनीकी सहयोग का आरंभ नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के लिए व्यापक नवाचार यात्रा की नींव है. कटिंग-एज टेक्नोलॉजी से विकसित ट्रांसफॉर्मेटिव साझेदारियाँ हमारे स्टार्ट-अप्स और उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने में मदद करेंगी.

### कार्यक्रम का शैड्यूल

**इंदौर-उज्जैन (18-20 अगस्त)**

**18 अगस्त :** इनफोबीन्स मुख्यालय में स्वागत, प्रेज़ेंटेशन और नेटवर्किंग.

**19 अगस्त :** इनोवेशन लैब टूर, डिज़ाइन थिंकिंग वर्कशॉप, बी2बी बैठकें और सांस्कृतिक भ्रमण.

**20 अगस्त :** आईआईटी इंदौर व उज्जैन इनक्यूबेशन सेंटर का भ्रमण और साझेदारी चर्चाएँ.

**भोपाल (21-22 अगस्त)**

**21 अगस्त :** इन्वेस्ट इन एमपी राउंडटेबल, एमपीआईडीसी मुख्यालय में बैठकें और नेटवर्किंग डिनर.

**22 अगस्त :** विज्ञान व तकनीक विभाग व बी-नेस्ट इनक्यूबेशन सेंटर का दौरा, सांस्कृतिक भ्रमण और मीडिया ब्रीफिंग.

# पुलिस अफसर बनकर महिला को फंसाने पहुंचे ठग

## एडिशनल डीसीपी के दखल से खेल हुआ बेनकाब



**इंदौर, 17 अगस्त. शहर की एक महिला साइबर ठगों के जाल में फंसते-फंसते बच गई.**

ठगों ने खुद को ट्राई कंपनी और मुंबई पुलिस का अफसर बताकर महिला पर दबाव बनाया, लेकिन एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के हस्तक्षेप से सारा खेल उजागर हो गया. बंगाली चौराहा स्थित आशीष नगर निवासी फायनेंसर सुदीप सिंह सूद की पत्नी मोनिका सूद को साइबर ठगों ने कॉल कर उनकी सिम से संदिग्ध गतिविधियों का हवाला दिया. उन्होंने दावा किया कि मुंबई के कोलाबा थाने में उनकी सिम पर 24 एफआईआर दर्ज हैं. इसके बाद कॉल को कथित पुलिस स्टेशन ट्रांसफर करने का नाटक किया गया और वीडियो कॉल पर वर्दी पहनकर ठग खुद को पुलिस अधिकारी बताने लगे.

### बनी डिजिटल अरेस्ट जैसी स्थिति

करीब एक घंटे तक महिला को डिजिटल अरेस्ट जैसी स्थिति में रखकर आधार कार्ड दुरुपयोग का डर दिखाया गया. जब महिला ने फोन पति को थमाया तो ठगों ने उनसे भी निजी जानकारी मांगी. शक होने पर सुदीप सिंह ने क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी दंडोतिया से संपर्क किया और उन्हें कॉन्फ्रेंस कॉल में जोड़ लिया. असली अधिकारी को देखते ही ठगों के होश उड़ गए और उन्होंने कॉल डिस्कनेक्ट कर दी. एडिशनल डीसीपी ने बताया कि यह साइबर ठगी का नया तरीका है जिसमें ठग सरकारी अधिकारी और पुलिसकर्मी बनकर लोगों को डराने की कोशिश करते हैं.

# कांग्रेस ने लगाए मोदी-योगी जिंदाबाद के नारे

**धार, 17 अगस्त. धार जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अजीबो-गरीब हरकत सामने आई है. यहां नए कांग्रेस जिला अध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी या राहुल गांधी के समर्थन में नारे लगाने की बजाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थन में नारेबाजी शुरू कर दी.**

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अजीबो-गरीब हरकत**

**नारे लगाने से कांग्रेस संगठन में हलचल मच गई**

मोदी-योगी जिंदाबाद के नारे लगते ही कांग्रेसियों की इस हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. इस अप्रत्याशित घटनाक्रम से पार्टी के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच असहज स्थिति बन गई. आम तौर पर इस तरह के आयोजनों में पार्टी हाईकमान, प्रदेश नेतृत्व और स्थानीय नेताओं के पक्ष में नारेबाजी होती है, लेकिन कार्यकर्ताओं द्वारा विरोधी दल के नेताओं के समर्थन में नारे लगाने से कांग्रेस संगठन में हलचल मच गई है. राजनीतिक जानकारों का मानना है कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की इस हरकत से पार्टी की अंदरूनी गुटबाजी और असंतोष उजागर हो रहा है. धार जिले में लंबे समय से संगठनात्मक विवाद और खींचतान की खबरें सामने आती रही हैं. यह घटना उसी पृष्ठभूमि का हिस्सा मानी जा रही है.

> फिलहाल कांग्रेस के जिला स्तर के कुछ नेताओं ने इस पूरे मामले को गंभीर बताते हुए जांच की मांग की है. हालांकि, प्रदेश कांग्रेस की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है. दूसरी ओर, इस वीडियो के वायरल होने के बाद भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा है कि पार्टी के अपने ही कार्यकर्ता अब मोदी और योगी की लोकप्रियता को मानने लगे हैं.

# 28 जिलों में हवाईपट्टी बनाने की तैयारी

## 5 महानगरों में होंगे हेलीपैड

**भोपाल, 17 अगस्त. विमानन विभाग ने मध्यप्रदेश के 28 जिलों में नई एयरस्ट्रिप तैयार करने का फैसला लिया है. साथ ही भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन और ग्वालियर जैसे पांच महानगरों में वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए चारों ओर नए हेलीपैड बनाए जाएंगे.**



विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र लिखकर एक महीने के भीतर प्रस्ताव मांगे हैं. प्रदेश के कटनी, बैतूल, भिंड, अनूपपुर, मुरैना, बुरहानपुर, टीकमगढ़, छतरपुर, धार, डिंडौरी, हरदा, नर्मदापुरम, देवास, सीहोर, अलीराजपुर, आगर मालवा, रायसेन, राजगढ़, शाजापुर, विदिशा, श्योपुर, अशोकनगर, नरसिंहपुर, बड़वानी, पांढुर्णा, निवाड़ी, मैहर और मऊगंज जिलों में फिलहाल हवाई पट्टी नहीं है. विभाग ने कलेक्टरों से कहा है कि इन जिलों में सरकारी जमीन का चयन कर प्रस्ताव भेजें. हवाई पट्टी का क्षेत्रफल कम से कम दो हजार वर्गमीटर होना चाहिए और उसके चारों ओर बाउंड्रीवॉल अनिवार्य होगी. भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन और ग्वालियर में हेलीपैड निर्माण के लिए कलेक्टरों से 15 दिन में प्रस्ताव मांगे गए हैं. कारण है कि वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान आम नागरिकों को अक्सर परेशानी का सामना करना पड़ता है. विभाग ने यह भी निर्देश दिया है कि अन्य जिलों में हेलीपैड नगरपालिका या तहसील मुख्यालय से 50 किलोमीटर के दायरे में बनाया जाए. फिलहाल प्रदेश में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, सतना और दतिया में एयरपोर्ट पहले से मौजूद हैं.

### पन्ना-छतरपुर मार्ग पर बड़ा हादसा, बोलेरो पलटी

**पन्ना.** पन्ना-छतरपुर मार्ग पर मनोर के पास आज शाम बड़ा हादसा हो गया. मंडला की ओर जा रही तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार को बचाने की कोशिश में टक्कर मार दी और अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिरकर पलट गई. दुर्घटना में बाइक सवार और बोलेरो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार पृथ्वीराज पटेल पेट्रोल भरवाकर पन्ना की ओर जा रहा था, तभी बोलेरो अचानक सामने आई. टक्कर लगते ही बोलेरो पलट गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई. ग्रामीणों ने तुरंत मदद कर दोनों घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया.

# उज्जैन के महाकाल मंदिर की आय 27 करोड़

## 85 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**उज्जैन, 17 अगस्त. श्रावण मास में उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ और दान की बरसात दोनों देखने को मिली. 11 जुलाई से 9 अगस्त तक चले श्रावण मास में मंदिर की आय 27 करोड़ रुपए तक पहुंच गई, जबकि इस अवधि में 85 लाख से अधिक भक्तों ने भगवान महाकाल के दर्शन किए.**



मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार, सावन भगवान शिव का प्रिय महीना है, इसीलिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन पहुंचे. मंदिर प्रशासक ने बताया कि आय में सबसे बड़ा हिस्सा लड्डू प्रसाद बिक्री, शीघ्र दर्शन टिकट और अन्य स्रोतों से आया, जिससे 22 करोड़ रुपए प्राप्त हुए. इसके अलावा करीब 5 करोड़ रुपए दानपेटी, ऑनलाइन भुगतान और चेक से मिले. महाकाल लोक के निर्माण के बाद से मंदिर की आय और श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है. वर्ष 2025-26 के सावन मास में ही मंदिर को 22 करोड़ रुपए से अधिक का दान प्राप्त हुआ.

मंदिर को प्राप्त होने वाली दानराशि से कई धार्मिक और सामाजिक प्रकल्प संचालित किए जाते हैं. इसमें धर्मशालाओं और अन्नक्षेत्र का संचालन, महाकालेश्वर वैदिक शोध संस्था, गौशाला का रखरखाव और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल हैं.

> महाकाल लोक का उद्घाटन धार्मिक पर्यटन के लिए वरदान साबित हुआ है. वर्ष 2023 में जहां 5.28 करोड़ श्रद्धालु उज्जैन पहुंचे थे, वहीं 2024 में यह संख्या 39% बढ़कर 7.32 करोड़ तक पहुंच गई. पिछले दो वर्षों में कुल 12 करोड़ 32 लाख से अधिक श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन कर चुके हैं. श्रावण मास के दौरान नागपंचमी जैसे पर्वों पर भक्तों की भीड़ ने रिकॉर्ड तोड़ दिया.

## समारोह

### वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जयंती पर तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, राज्यमंत्री धर्मेंद्र बोले-

# अमर शहीद किसी समाज के नहीं, पूरे राष्ट्र की प्रेरणा




**दमोह,17 अगस्त. जटाशंकर स्थित वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी प्रतिमा स्थल पर रविवार को उनकी जयंती अवसर पर विशाल तिरंगा यात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ.**

कार्यक्रम में 15 हजार से अधिक लोगों की उपस्थिति रही.

### वीरांगना का पराक्रम प्रेरणा का स्रोत

राज्यमंत्री ने कहा कि मात्र 26 वर्ष की आयु में रानी अवंतीबाई ने अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए. उनका पराक्रम देश में देशभक्ति की ज्वाला प्रज्वलित करने वाला था. उन्होंने कहा कि आज हमें उनके पदचिह्नों पर चलकर समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करना चाहिए. कार्यक्रम में रानी अवंतीबाई के व्यक्तित्व और संघर्ष पर आधारित नाटक का मंचन भी किया गया, जिसे देखकर उपस्थित लोगों ने उनके साहस और त्याग को आत्मसात करने का संकल्प लिया.

संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि अमर शहीद कभी किसी एक समाज के नहीं होते, उनके योगदान से पूरा समाज प्रेरणा लेता है. राज्यमंत्री लोधी ने कहा हमने तिरंगा यात्रा भी निकाली और हर-घर तिरंगा फहराया. संकल्प यही है कि हम अपने अमर शहीदों को याद करेंगे.

उन्होंने वीरांगना रानी अवंतीबाई, रानी दुर्गावती, झलकारी बाई और चंद्रशेखर आजाद जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद किया.

# प्रदेश के कई जिले बारिश से होंगे तरबतर

## मौसम विभाग का अलर्ट, बारिश को लेकर पूर्वानुमान

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 17 अगस्त. मप्र में मानसून के असर से बारिश का दौर जारी है. सोमवार को अलीराजपुर, धार, बड़वानी, बावनगजा, टीकमगढ़, सिंगरौली, सीधी, सागर, दमोह, रायसेन, गुना, अशोकनगर सहित जिलों में मूसलाधार बारिश के आसार बने हैं.**



मौसम विभाग ने इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है. इसके साथ ही विदिशा, भोपाल, सिहोर, राजगढ़, इंदौर, जबलपुर, खंडवा, झाबुआ, खरगोन, श्योपुर कलां, छतरपुर, देवास, पन्ना, कटनी, शहडोल, निवाड़ी/ ओरछा, नीमच, शिवपुरी सहिल जिलों में बिजली के साथ मध्यम गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है. प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश से इलाके तरबतर हो रहे हैं. इस दौरान तेज हवाएं भी चलती रहेंगी. वर्तमान में मानसून टूफ, माध्य समुद्र तल पर जैसलमेर, जोधपुर, कोटा, गुना, बैतूल, दक्षिण छत्तीसगढ़ पर बने निम्न दाब क्षेत्र के केंद्र, विशाखापत्तनम से होते हुए पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक विस्तृत है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14